दिन–शुक्रवार दिनांक– 13 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह गुजरात के अहमदाबाद सिविल अस्पताल गए और एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। श्री मोदी ने दुर्घटना में बचे एक मात्र यात्री भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश से भी मुलाकात की। विश्वास ने दुर्घटना से जुड़े अनुभव प्रधानमंत्री के साथ साझा किए। श्री मोदी ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां पर बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों और अन्य लोगों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। बाद में प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। वे हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिजनों से भी मिले। हमारे संवाददाता ने खबर दी है दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंपे जा रहे हैं। चालक दल सहित दो सौ बयालीस लोगों को लेकर लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान बोइंग 787–8 कल अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

———————————————————————

अहमदाबाद हवाई दुर्घटना के बाद राज्य सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा है कि लोग इस हेल्पलाइन नम्बर पर राज्य के किसी व्यक्ति की इस दुर्घटना से प्रभावित होने की जानकारी साझा कर सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर है – **शून्य छह एक दो दो दो नौ चार दो शून्य चार** और **शून्य छह एक दो दो दो नौ चार दो शून्य पांच**। इसके अलावा विभाग के टोल फ्री नम्बर– एक शून्य सात शून्य पर भी सूचना दी जा सकती है।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मिशन–सिक्सटी नाम से एक विशेष अभियान की शुरूआत करेगा। इस अभियान के तहत हर विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम मतदान वाले साठ बूथों की पहचान की जायेगी। इन केंद्रों पर विशेष प्रयास के जरिए मतदान प्रतिशत को छियासठ प्रतिशत तक पहुंचाने

का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि पिछले कुछ चुनावों में राज्य में मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से लगभग दस प्रतिशत कम रहा है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित कार्यक्रम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभार्थियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम दो सौ इकहत्तर करोड़ पंद्रह लाख रूपये अंतरित किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी भी उपस्थित थे।

———————————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। आज राज्य के दक्षिणी हिस्सों में अधिकांश जगहों पर गर्म दिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं, आज राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

———————————————————————

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गयी। सभी मृतक बेगूसराय जिले के रहने वाले थे।

———————————————————————

बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मलाह चकिया गांव में घरेलू विवाद सुलझाने गए एक एएसआई पर एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। इसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के असरगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।